-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 15.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **यातायात पुलिस तथा जिला अस्पताल के चिकित्सकों के समन्वय से रोड़वेज बस स्टैण्ड बांदा में स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का किया गया आयोजन।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा आज दिनांक 15.11.2024 को यातायात पुलिस द्वारा जिला अस्पताल के चिकित्सकों के साथ समन्वय स्थापित कर रोड़वेज बस स्टैण्ड बांदा में स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रोड़वेज बस के ड्राईवरों तथा कण्डक्टरों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। वरिष्ठ नेत्र नेत्र सर्जन जिला अस्पताल डा0 एस0एन0 मिश्रा तथा नेत्र परिक्षण अधिकारी श्रीमती पारुल द्वारा सभी ड्राईवरों तथा कण्डक्टरों की आंखों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। साथ ही चिकित्सा अधिकारी डॉ बलबीर द्वारा ब्लड प्रेशर कि जांच कर आवश्यक हिदायत दी गयी। जांच उपरांत सभी ड्राईवरों तथा कण्डक्टरों को निरीक्षक यातायात पुलिस श्री राजेश चन्द्र मिश्रा द्वारा यातायात नियमों का पालन करने के सम्बन्ध में शपथ दिलाई गयी।

1. दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनेंगे व पहनायेंगे।
2. चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सिट बेल्ट लगायेंगे।
3. लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करेंगे।
4. गलत दिशा में वाहन नहीं चलायेंगे।
5. तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलायेंगे।
6. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे।
7. शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन नहीं चलायेंगे।
8. सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहेंगे।

इस दौरान वरिष्ठ नेत्र नेत्र सर्जन जिला अस्पताल डा0 एस0एन0 मिश्रा, नेत्र परिक्षण अधिकारी श्रीमती पारुल, चिकित्सा अधिकारी डॉ बलबीर, निरीक्षक यातायात पुलिस श्री राजेश चन्द्र मिश्रा, आरक्षी यातायात सुरजीत सिंह तथा आरक्षी धर्मेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।